आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल लगभग तेईस हजार तीन सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
- शहीद द्वीप में सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने और लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में एक लम्बी बस उपलब्ध कराई गई है।
- अंडमान निकोबार कमान के चौबीसवें स्थापना दिवस के सिलसिले में आज फ्लैग प्वाइंट में शाम साढ़े पांच बजे से संयुक्त बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा।
- वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस में नाम दर्ज कराने के लिए श्री विजयपुरम में आइलैंड रम्बल राईड का आयोजन किया गया।
- लड़कियों के सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट में कल खेले गए फाइनल मैच में जी डी एम एस की टीम विजयी रही।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल महाराष्ट्र के वाशिम से लगभग तेईस हजार तीन सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं कृषि और पशुपालन क्षेत्र से संबंधित हैं। श्री मोदी ने पीएम–किसान योजना की अट्ठारहवीं किस्त भी जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश भर में नौ करोड़ चार लाख से अधिक किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप में सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने और लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में एक लम्बी बस उपलब्ध कराई गई है। परिवहन सचिव श्री विश्वेन्द्र ने हाल ही में इस द्वीप के लिए परिवहन विभाग की बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों को पूरा करने विशेषकर स्कूली बच्चों, बुजुर्ग लोगों और दिव्यांगजनों को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक परिवहन का विशेष महत्व है। मुख्य सचिव के मार्गदर्शन में इस वर्ष इक्कीस नई बसें खरीदी गई है। शहीद द्वीप में अधिक यात्री

क्षमता के बस उपलब्ध हो जाने से लोगों को लाभ मिलेगा और भीड़–भाड़ के समय लोगों को सुरक्षित यात्रा करने का अनुभव होगा। स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त विक्रम सिंह ने बस उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग के प्रति आभार प्रकट करते हुए शहीद और स्वराज द्वीप में परिवहन सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उप–निदेशक बी बिनॉय ने बताया कि शहीद द्वीप में दो हजार दो में राज्य परिवहन इकाई की स्थापना से लेकर अब तक केवल मिनी बस ही संचालित होती थी। ये पहला अवसर है, जब एक बड़ी बस इस द्वीप के लिए उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में प्रातरापुर पंचायत समिति प्रमुख चंपा दास, शहीद द्वीप की प्रधान पिंकी दास और जिला परिषद सदस्य दशरथ वर्मा ने परिवहन विभाग के इन प्रयासों के लिए अपना आभार प्रकट किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के चौबीसवें स्थापना दिवस के सिलसिले में आज फ्लैग प्वाइंट में शाम साढ़े पांच बजे से संयुक्त बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा मरीना पार्क के पास आज से आठ अक्तूबर तक भारतीय नौसेना और तटरक्षक के जहाजों में रोशनी की जाएगी। आठ अक्तूबर को सूर्यास्त के बाद आतिशबाजी का भी आयोजन होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से फर्जी डिलीवरी पार्सल घोटाले के संबंध में परामर्श जारी किया गया है। जैसे–जैसे लोग साइबर अपराधियों की धोखाधड़ी के तरीकों के बारे में जागरूक होते जा रहे है, साइबर अपराधी उतने ही अधिक रचनात्मक हो रहे है। बैंक के लेन–देन करने के लिए ओ टी पी प्राप्त करने और लोगों के ई–मेल या स्मार्ट फोन तक पहुंचने के लिए साइबर अपराधी फर्जी डिलीवरी पार्सल के माध्यम से लोगों को अपना निशाना बना रहे है। यह अपराध अक्सर उन साइबर अपराधियों द्वारा किए जाते है, जो डिलीवरी एजेन्टों या डिलीवरी एजेन्सियों के साथ मिलकर काम करते है। जब उन्हें पता चलता है कि किसी खास व्यक्ति को ई–कॉमर्स कम्पनियों के बहुत सारे पैकेज मिलते है तो वे उनकों अपना निशाना बनाने की योजना बनाते है। इस तरह की घटना से बचने के लिए पुलिस ने लोगों से कहा है कि किसी भी पैकेज को स्वीकार या रद्द करने से पहले अपने ऑर्डर रिकॉर्ड और डिलीवरी तिथियों की जांच कर लें, एस एम एस में प्राप्त किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचे। अपना व्यक्तिगत विवरण जैसे पता, ई–मेल आई डी, फोन नम्बर किसी के साथ साझा न करें। आम जनता से कहा गया है कि किसी भी तरह की सहायता, जानकारी या पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना या राष्ट्रीय हेल्प लाईन नम्बर–एक नौ तीन शून्य पर संपर्क करे।

<><><><><><><>

वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस में नाम दर्ज कराने के लिए श्री विजयपुरम में आइलैंड रम्बल राईड का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने फ्लैग प्वाइंट से इस मोटर साइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने चेन्नई और देश के अन्य भागों से आए मोटर साइकिल चालकों का द्वीपों में स्वागत करते हुए कहा कि द्वीपों का सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित करती है। मोटर साइकिल चालकों को अंडमान की खूबसूरती को देखने का अवसर मिलेगा। इस तरह के आयोजन से द्वीपसमूह को विश्व के पर्यटन मानचित्र में जगह मिलने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये स्पर्धा विश्व के अन्य मोटर साइकिल चालकों को भी अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को देखने के लिए प्रेरित करेगा। प्रशासन इस तरह की स्पर्धा को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। होटेलियर्स एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की ओर से अन्य हितधारकों के सहयोग से इसका आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

गांधीजी की एक सौ पचपनवीं जयंती के अवसर पर जिला कारागार, प्रातरापुर में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेल विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और कैदियों ने भाग लिया और जिला कारागार, प्रातरापुर में स्वस्थ वातावरण बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान, जेल अधिकारियों ने कैदियों के साथ बातचीत की और अपने आस–पास के कार्यस्थलों में सफाई की। कैदियों को स्वच्छता को दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए अंतर स्कूल वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कल भातुबस्ती स्कूल मैदान में लड़कों के वर्ग में विवेकानन्द केन्द्र जिला परिषद विद्यालय पोर्ट मोर्ट, साउथ प्वाइंट स्कूल, हैडो और मोहनपुरा की टीम ने अपने–अपने मैच जीते। जी डी एम एस स्कूल मैदान में खेले गए मैच में निर्मला स्कूल, जी डी एम एस और स्कूल लाईन की टीम ने जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में कल खेले गए फाइनल मैच में जी डी एम एस की टीम ने स्कूल लाईन स्कूल को पराजित कर जीत हासिल की। आठ अक्तूबर को भातुबस्ती स्कूल मैदान में विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में नवाचार प्रकोष्ठ ने कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से हाल ही में करियर साइबर सुरक्षा–अवसर और प्रमाणन विकल्प पर जागरूकता कार्यक्रम का

आयोजन किया। इस अवसर पर स्रोत अधिकारी श्री रामाकृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरिहारा गोपालन ने साइबर हमलों से बचने और साइबर सुरक्षा प्रणाली के बारे में लोगों को जागरूक करने तथा साइबर स्पेस के कमजोर पहलुओं और साइबर सुरक्षा के करियर पर प्रकाश डाला, जिससे युवा इंजीनियर अपने क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सके। लगभग पचहत्तर से अधिक छात्रों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन संस्थान की प्रवक्ता डॉ. श्राबनी मल्लिक ने किया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से ज़िला स्तरीय चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में ज़िले के तीनों खंडों से करीब एक सौ तीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा, नशीले पदार्थों का सेवन न करने, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं, कुपोषणमुक्त ज़िला जैसे विषयों पर ये प्रतियोगिता आयोजित की गई।

<><><><><><><>

श्री साई बाबा भक्त मण्डली चक्कर गांव की ओर से विजय दशमी के अवसर पर बारह अक्तूबर को श्री साई मन्दिर में विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा सुबह नौ बजे से आरंभ होगी, सभी भक्तों को इस पूजा में आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>